दिनांक 6 जनवरी 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मेयर देवेंद्र की पहल से , हर घर में लग रहा नल कनेक्शन , किस्त में जमा कर सकेंगे राशि

प्रदेश के इतिहास में पहली बार मात्र 100 रुपए में लग रहा नल कनेक्शन

भिलाई। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में रहने वाले हर जरूरतमंद व्यक्ति के घर में नल लग रहा है। गरीब व असहाय लोग भी अपने घरों में नल लगवा रहे है। इनके भी वर्षो पुराने सपने पूरे हुए और जो वर्षो से पानी की बूंद-बूंद के लिए तरस रहे थे, आज उनके घरों में नल कनेक्शन लगा है और घर बैठे आराम से भरपूर पानी पा रहे है। गरीब व सामान्य लोगो का यह सपना साकार हो पाया है। मेयर व विधायक देवेंद्र यादव के सराहनीय पहल से। मेयर यादव ने जनता के हित के लिए बड़ी पहल की है। मेयर देवेंद्र यादव ने ऐसे लोग जो अपने घरों में नल नहीं लगा पा रहे हैं। ऐसे लोगों के घरों में भी नल लगे , भरपूर पानी मिले इसके लिए नई योजना शुरू की और मात्र 100 रुपये में नल कनेक्शन देने का काम शुरू किए। जो राशि निगम में जमा की जाती है। उस राशि को किस्त में जमा करने की सुविधा दी है। ऐसा प्रदेश व निगम के इतिहास में पहली बार हुआ है। नगर निगम भिलाई में कई ऐसे गरीब परिवार है , जिनके यहां नल नहीं था। लोगों को सार्वजनिक नल व हैंड पंप से पानी भरना पड़ता था। ये लोग इनते गरीब व असहाय है कि अपने घर में नल भी नहीं लगवा पा रहे थे। क्योंकि नल लगाने के लिए पहले निगम में करीब 6 हजार रुपए जमा करना पड़ता है। ऐसे शहर में कई लोग है। इनके पास बीपीएल कार्ड भी नहीं है। ऐसे में 6 हजार रुपए एक साथ जमा करने की स्थिति नहीं होने की वजह से लोग नल नहीं लगावा पाते थे। लेकिन अब हर घर मे नल लग रहा है और 6 हजार रुपए एक साथ देने की जरूरत नहीं है। अब जिन्हें अपने घर में नल लगाना है , वे लोग निगम के जोन आफिस में जाकर अपनी सुविधा अनुसार किस्त में राशि जमा करके नल लगावा सकते हैं।

जनसंपर्क अधिकारी